# डॉ. एस.आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

'' योगश्चित्तवृत्ति निरोधः ''

## बी. वाई. एन. एस.
## (BACHELOR OF YOGIC AND NATUROPATHY SCIENCE)
## उपाधि हेतु

# O - (i) योग एवं प्राकृतिक महाविद्यालयों के न्यूनतम मानक

(संदर्भ - राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय अधिनियम **2002** का भाग - **1**, **2**, **6**, **16**(**3**)(**4**), **35**, **36**, **37**, **38**, **39**, **40** एवं **41**)

## 1. परिभाषाएं -

(i) **'योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति'** से अभिप्रेत है कि अष्टांग योग एवं प्राकृतिक पद्धतियों से अद्रव्यभूत प्राकृतिक द्रव्यों एवं क्रियाओं के द्वारा प्राण ऊर्जा का संवर्द्धन करना तथा स्वास्थ्य रक्षापूर्वक रोगनिर्हरण उपायों का अवलम्बन ऐसे आधुनिक अभिवर्द्धनों द्वारा अनुपूरित करना जो भारतीय पद्धति के मौलिक सिद्धान्तों से संगत हों और जिन्हें विश्वविद्यालय समय-समय पर अवधारित करे।

(ii) **'महाविद्यालय'** से ऐसा महाविद्यालय अभिप्रेत है जो **'बी.वाई.एन.एस.'** पाठ्यक्रम की शिक्षा देता हो तथा जहां योग एवं प्राकृतिक पद्धति का चिकित्सालय संस्थापित हो।

(iii) **'चिकित्सालय'** से योग एवं प्राकृतिक पद्धति का चिकित्सा केन्द्र जहां न्यूनतम **25** आतुर शैय्याओं युक्त अन्तरंग एवं बाह्य आतुरों के लिये बहिरंग विभाग अभिप्रेत है।

(iv) **'न्यूनतम मानक'** योग एवं प्राकृतिक पद्धति के महाविद्यालय के संचालन हेतु वांछित न्यूनतम संसाधन अभिप्रेत है।

(v) यह कि ये मानक केन्द्र में **'योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्'** की स्थापना के पूर्व तक के लिये होंगे और केन्द्र में किसी ऐसी शीर्ष संस्था जो ''योग एवं प्राकृतिक पद्धति'' के लिये गठित एवं अधिकृत की गयी हो के अनुरूप इन मानको को समय-समय पर संशोधित/परिवर्द्धित किया जायेगा।

## 2. प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालय हेतु वांछित न्यूनतम मानक -

**(i) राज्य में स्थापित प्रन्यास/संस्था का विधिवत् पंजीयन प्रमाण पत्र।**

**(ii) संस्था/प्रन्यास प्रबन्धक सदस्यों के नाम, पद एवं पतों का विवरण।**

**(iii) संस्था/प्रन्यास का संविधान।**

**(iv) राज्य सरकार द्वारा स्थापित किये जाने वाले महाविद्यालय।**

**(v) राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र।**

**(vi) आयुष विभाग द्वारा स्वीकृति पत्र, यदि आवश्यक हो।**

(vii) **आर्थिक प्रबन्ध –**

(1) विश्वविद्यालय एवं संस्था के संयुक्त नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यूनतम **5** वर्ष की अवधि के लिये **10** लाख रूपये की सावधि जमा पत्र (एफ. डी. आर.) एवं **50.00** लाख रुपये की बैंक गारन्टी।

(2) पिछले तीन वर्ष का अंकेक्षण युक्त आय–व्यय विवरण प्रपत्र की प्रति।

(viii) **भूमि एवं भवन –**

(1) न्यूनतम **2** एकड़ भूमि का पट्टा/अभिलेख जो संस्था के स्वामित्व की हो अथवा दीर्घावधि लीज (**19** वर्ष न्यूनतम) पर ली गई हो, भूमि के पंजीयन अनुबन्ध पत्र की प्रमाणित प्रति।

(2) शहरी क्षेत्र में उचित दूरी पर दो भू–खण्डों में **2** एकड़ भूमि का स्वामित्व होने पर भी मान्य किया जा सकेगा।

(3) न्यूनतम **25** शैय्याओं का चिकित्सालय, **30** छात्रों के लिये।

(4) योग क्रियाओं हेतु हॉल, न्यूनतम **60** वर्गमीटर क्षेत्रफल का।

(5) बीस हजार स्क्वैयर फीट में निर्मित भवन।

(6) कुल छात्र संख्या के **50** प्रतिशत छात्रों के लिये छात्रावास सुविधा (छात्राओं के लिये पृथक्)

(7) विषय सम्बन्धित न्यूनतम एक हजार पुस्तकों युक्त पुस्तकालय एवं वाचनालय।

(8) न्यूनतम तीस छात्रों के शिक्षण हेतु पर्याप्त पांच कक्षा कक्ष।

(9) प्रयोगशाला कक्ष – जिसमें विकृति विज्ञानीय परीक्षणों की सुविधा हो तथा शरीर रचना एवं क्रिया के लिए पृथक प्रयोगशाला एवं प्रदर्शनालय।

(10) योग एवं प्राकृतिक विधियों के परिदर्शनार्थ एक प्रदर्शनालय।

(11) योग प्राकृतिक क्रियाएं – नेति, बस्ति, धौति आदि क्रियाओं के कक्ष योग हॉल सह सन्नद्ध होंगे।

(12) प्राकृतिक पद्धति के लिये – मृत्तिका, स्वेदन, अभ्यंग, जल चिकित्सा, कटि मेहनादि स्नान के लिये सुविधायुक्त कक्ष चिकित्सालय के साथ स्थापित किये गये हों।

(13) महाविद्यालय एवं चिकित्सालय सर्वविध प्रदूषण रहित शान्त एवं प्राकृतिक वातावरण में स्थापित होना चाहिए, जहां कि आवागमन के समुचित साधन उपलब्ध हों।

(14) चिकित्सालय में पुरूष एवं महिलाओं के पृथक्–पृथक् वार्ड होंगे।

(ix) **शुल्क –** विश्वविद्यालय के सक्षम निकाय तय करें अथवा बी.ए.एम.एस. के अनुसार लागू करें।

आवेदन शुल्क –

सम्बद्धता शुल्क –

निरीक्षण शुल्क –

छात्र शुल्क –

बैंक प्रत्याभूति – महाविद्यालय

चिकित्सालय

(x) **शैक्षणिक स्टाफ –**

| क्र. सं. | विषय विभाग | आचार्य | सह आचार्य | प्राध्यापक |
|---|---|---|---|---|
| **1** | दर्शन, संहिता, सिद्धान्त (संस्कृत–शिक्षा) | **1** | **1** | **1 + 1** |
| **2** | शरीर रचना / क्रिया शरीर | **1** | **1** | **2** |
| | | | **1** | **2** |
| **3** | रोग एवं विकृति विज्ञान/ **Microbiology** | **1** | **1** | **1** |
| **4** | स्वस्थवृत्त, आहार एवं पोषण विज्ञान, आहार द्रव्य | **1** | **1** | **1+1 द्रव्यगुण** |
| **5** | योग विज्ञान एवं मनोविज्ञान | **1** | **1** | **1+1** |
| **6** | प्राकृतिक विज्ञान | **1** | **1** | **1+1** |

(ix) **शिक्षकों की योग्यता –**

(1) **प्राचार्य –** भारतीय चिकित्सा पद्धति में बी.वाई.एन.एस./बी.ए.एम.एस.,एम.डी. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि के साथ न्यूनतम **10** वर्षों का अध्यापन अनुभव। योग अथवा प्राकृतिक पद्धति में बी.वाई.एन.एस. उपाधि सह पंद्रह वर्ष का अध्यापन अनुभव।

(2) **आचार्य –** प्राचार्य की शैक्षणिक योग्यता के साथ आठ वर्ष का अध्यापनानुभव।

(3) **सह आचार्य –** उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता सह पांच वर्ष का व्याख्याता पद का अध्यापनानुभव।

(4) **प्राध्यापक –** बी.वाई.एन.एस./बी.ए.एम.एस., एम.डी. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से।

(5) पाठ्यविषयों की पूर्णता के लिये संदर्भित विषयों के व्याख्यान एवं प्रायोगिक अन्तर्विषयक अध्यापन विधि द्वारा सम्बन्धित विषय विशेषज्ञों के अतिथि व्याख्यान, संविदा/अनुबंध आधार पर कराये जा सकेंगे।

(x) **शैक्षणेत्तर कर्मचारी –**

| क्र.सं. | पद | **25** बेड | **50** बेड | **100** बेड |
|---|---|---|---|---|
| **1** | चिकित्सक | - | - | - |
| **2** | नर्स | **8** | **10** | **20** |
| **3** | पुस्तकालयाध्यक्ष | **1** | - | - |
| **4** | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | **1** | - | - |
| **5** | पेथोलोजिस्ट | **1** | - | - |
| **6** | लेब टेक्नीशियन | **1** | **2** | - |
| **7** | वरिष्ठ लिपिक | **2** | - | - |
| **8** | कनिष्ठ लिपिक | **2** | **4** | **6** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **9** | लेखा सहायक | **1** | **-** | **-** |
| **10** | पाचक | **2** | **-** | **4** |
| **11** | सहायक स्टाफ | **8** | **-** | **10** |
| **12** | चौकीदार | **3** | **4** | **6** |
| **13** | माली | **2** | **-** | **-** |
| **14** | स्वास्थ्यकर्मी | **4** | **6** | **8** |

**(xi) यंत्र उपकरण –**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | छात्र एवं स्टाफ के लिये पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर | |
| **2** | रोगी पलंग | **25** |
| **3** | केबिनेट (रोगी) | **25** |
| **4** | मेट्रेसेज (गद्दे) | **25** |
| **5** | कंबल | **25** |
| **6** | तकिये | **25 (कवर – 40)** |
| **7** | चद्दर | **40** |
| **8** | अलमारी | यथावश्यक |
| **9** | सिट बाथ टब | **5** बड़ी **5** मध्यम **5** छोटी |
| **10** | फुल इमर्सन बाथ टब | **20** |
| **11** | फुट बाथ टब | **15** |
| **12** | वाष्प स्नान बॉक्स | **2** |
| **13** | हॉट एयर बाथ केबिनेट | **2** |
| **14** | वाइब्रेटर्स | **4** |
| **15** | सस्पेंशन बेड पुली सहित | **2** |
| **16** | बेल्ट मसाज मशीन | **2** |
| **17** | बार सेट (5 मीटर) | **2** |
| **18** | मेग्नेटिक सेट | |
| **19** | मेग्नेटिक बेल्ट | |
| **20** | Hip Bath | **20** |
| **21** | Spiral Bath | **15** |
| **22** | रंगीन कांच सेट | |
| **23** | रंगीन बॉटल सेट | |
| **24** | सन फ्लो (हीटर) | |
| **25** | रोलर मसाजर | |
| **26** | शॉल्डर व्हील | |
| **27** | रॉइंग मशीन | |
| **28** | टमी टॉनर | |
| **29** | टमी ट्विस्टर | |
| **30** | क्वार्डिशेप टेबल | |

| | | |
|---|---|---|
| **31** | थर्मोलियम | |
| **32** | हाइड्रोक्यूलेटर | |
| **33** | स्टेंडिग टेबल | |
| **34** | जार (ग्लास) | |
| **35** | वाटर डिस्टलर | |
| **36** | फ्रिज **200** लीटर | |
| **37** | वेइंग मशीन (**200** किलो) | |
| **38** | दरी (मेट) | |
| **39** | दरियां (छोटी) | **20** |
| **40** | स्टॉप क्लॉक | **2** |
| **41** | अभ्यंग टेबल (द्रोणी युक्त) | **2** |
| **42** | शिरोधारा यंत्र | **2** |
| **43** | नस्य पीठिका | **2** |
| **44** | काष्ट के पात्र (मृत्तिका चिकित्सा) | |
| **45** | ट्रेडमिल | |
| **46** | फुट टब | |
| **47** | जल नेति लोटा | **20** |
| **48** | वस्त्र धौति | **50** |
| **49** | सूत्रनेति | **50** |
| **50** | दरी (आसन) | **30** |
| **51** | जग स्टील | **30** |
| **52** | टोकरियां | **4** |
| **53** | धौति पॉट | **30** |
| **54** | स्टील ग्लॉस | **30** |
| **55** | हॉट वाटर टब | **2** |
| **56** | रचना क्रिया के मॉडल एवं चार्ट्स | |
| **57** | ब्लेक बोर्ड (कक्षानुसार) | |
| **58** | ओवर हेड प्रोजेक्टर | |
| **59** | कम्प्यूटर | **2** |
| **60** | एल. सी. डी. प्रोजेक्टर | **1** |
| **61** | जेट बाथ | |
| **62** | डूश यूनिट | |
| **63** | अण्डर वाटर मसाज | **2** |
| **64** | सोना बाथ केबिन | **5** सीट |
| **65** | जेकूजी सिंगल सीटर | |
| **66** | अल्ट्रा साउंड, आई.एफ.टी., शॉट वेव डायथर्मी, ट्रेक्शन यूनिट इन्फ्रारेड लेंप, इलेक्ट्रोमेग्नेटिक बेड | |
| **67** | नेबुलाइजर | |

| | | |
|---|---|---|
| **68** | टेलीविजन | |
| **69** | पी.ए. सिस्टम - म्यूजिक सिस्टम एवं डी.वी.डी. | |
| **70** | वाटर कूलर - (जलशोधक यंत्र सहित) आर ओ सिस्टम | |
| **71** | गर्म पानी की सुविधा (**24** घंटे) | |

-----